संख्या-16/2018/1498जेड/6-सा-3-2018-11आई0जी0आर0एस0/2017

प्रेषक,

राजन शुक्ला,
प्रमुख सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन ।

सेवा में,

1-समस्त मण्डलायुक्त,
उत्तर प्रदेश।

2-समस्त जिलाधिकारी,
उत्तर प्रदेश।

राजनैतिक पेंशन अनुभाग-3 लखनऊ: दिनांक- 11 जुलाई, 2018

विषयः- आपातकालीन अवधि (दिनांक-25-06-1975 से 21-03-1977 तक) में मीसा/डी0आई0आर0 में जेल में निरूद्ध प्रदेश के राजनैतिक बन्दियों/लोकतन्त्र सेनानियों की स्वीकृत सम्मान राशि में वृद्धि किये जाने के सम्बन्ध में।

महोदय,

आपातकालीन अवधि (दिनांक-25-06-1975 से 21-03-1977 तक) के दौरान मीसा/डी0आई0आर0 में निरूद्ध रहे प्रदेश के राजनैतिक बन्दियों को शासनादेश संख्या-800जेड/6-सा-1-2012-55जी/90, दिनांक-14-09-2012 द्वारा दिनांक-01-04-2012 से रू0 3000/- (रू0 तीन हजार मात्र) मासिक सम्मान राशि दिये जाने की स्वीकृति प्रदान की गयी थी। इसके पश्चात शासनादेश संख्या-1143जेड/6-सा-1-2014-55जी/90, दिनांक-18-07-2014 द्वारा मासिक सम्मान राशि रू0 3000/- से बढाकर रू0 6000/- (रू0 छः हजार मात्र), शासनादेश संख्या-1/2015/123जेड/6-सा-1-2015-55जी/90, दिनांक-01-04-2015 द्वारा रू0 6000/- से बढाकर रू0 10000/- (रू0 दस हजार मात्र) तथा शासनादेश संख्या-10/2016/504जेड/6-सा-1-2016-55जी/90टीसी-6, दिनांक-04-04-2016 द्वारा रू0 10000/- से बढाकर रू0 15000/-(रू0 पन्द्रह हजार मात्र) प्रतिमाह की गयी है।

2- लोकतन्त्र सेनानियों/राजनैतिक बन्दियों की मासिक सम्मान राशि रू0 15000/- से बढाकर रू0 20000/- (रू0 बीस हजार मात्र) किये जाने का निर्णय लिये जाने के फलस्वरूप प्रदेश के राजनैतिक बन्दियों/लोकतन्त्र सेनानियों को रू0 20000/- (रू0 बीस हजार मात्र) मासिक सम्मान राशि का भुगतान देय होगा।

3- सम्मान राशि में उक्तानुसार वृद्धि के फलस्वरूप इसका भुगतान संगत मद में उपलब्ध धनराशि से करते हुए वित्तीय वर्ष की शेष अवधि के लिये आने वाले व्यय-भार की गणना कर धनराशि आवंटन हेतु प्रस्ताव निदेशक/सचिव, उत्तर प्रदेश स्वतन्त्रता संग्राम सेनानी कल्याण परिषद, लखनऊ को यथाशीघ्र उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें।

4- यह आदेश दिनांक-01-07-2018 से प्रभावी होगा।

5- यह आदेश वित्त विभाग के अशासकीय संख्या-ई-12-1005/दस-2018, दिनांक-11-07-2018 में प्राप्त उनकी सहमति से निर्गत किये जा रहे हैं।

भवदीय,

(राजन शुक्ला)
प्रमुख सचिव।

संख्या-16/2018/1498(1)जेड/6-सा-3-2018, तदद्दिनांक

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :-

1- महालेखाकार, उ0प्र0 इलाहाबाद।
2- प्रमुख सचिव, मा0 मुख्यमंत्री जी, उत्तर प्रदेश शासन।
3- निदेशक/सचिव, उ0प्र0 स्वतन्त्रता संग्राम सेनानी कल्याण परिषद, लखनऊ।
4- समस्त कोषाधिकारी, उत्तर प्रदेश ।
5- वित्त (व्यय-नियंत्रण) अनुभाग-12/वित्त (आय-व्ययक)अनुभाग-1, उत्तर प्रदेश शासन।
6- गोपन अनुभाग-1, उत्तर प्रदेश शासन।
7- राजनैतिक पेंशन अनुभाग-1/2 एवं स्वतन्त्रता संग्राम सेनानी कल्याण परिषद अनुभाग, उत्तर प्रदेश शासन।
8- गार्ड बुक।

आज्ञा से,

(सूर्य कुमार)
उप सचिव।

http://shasnadesh.up.nic.in